GSTIN : 23AACCK4616K4ZK
CIN No. L24124RJ2004PLC019288
www.krishnaphoschem.com
accounts@krishnaphoschem.com

OSTWAL

**KRISHANA PHOSCHEM LTD.**

(An ISO 9001:2015 Certified Company)

Date: 22.10.2021

To,
National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E)
Mumbai – 400 051

Dear Sir / Madam

**Sub: Submission of Newspaper Cutting of Board Meeting (BM)**

Please find enclosed herewith extract of newspaper advertisement published for intimation of notice of Board meeting of the Company, to be held on Friday the 29th October, 2021, published in two newspapers viz. The Financial Express (English Edition) and Nafa Nuksan (Hindi Edition) on 22nd October ,2021 in terms of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

This is for your information and record.

For Krishana Phoschem Limited

Priyanka Bansal


KRISHANA PHOSCHEM LTD. BHILWARA

(Priyanka Bansal)
Company Secretary

Registered off. : 5-O-20, Basement, R.C. Vyas Colony, Bhilwara (Raj.) INDIA Ph : 01482-237104, 239091 Fax +91-1482-239638
Works : 115-120, AKVN Industrial Area, Meghnagar-457779, Distt. Jhabua (M.P.) Ph. 07390-284989

## For Your Information...

**Countries with the cheapest mobile data**



India: $0.09
Israel: $0.11
Kyrgyzstan: $0.21
Italy: $0.43
Ukraine: $0.46
Kazakhstan: $0.46
Kazakhstan: $0.46
Sri Lanka: $0.51
Russia: $0.52
Vietnam: $0.57

Compiled by Nafanuksan Research

## विचार सागर

*''जीवन का हर दांव जीतने के लिए मनुष्य को बल से ज्यादा बुद्धि का उपयोग करना चाहिए क्योंकि बल तो केवल लड़ना सिखाता है, जबकि बुद्धि जीतना सिखाती है।''*

- पी.सी. वर्मा

*''अपने आपको प्रेरणा-योग्य बनाये बिना आप दूसरों को प्रेरित नहीं कर सकते।''*

- के.आर. कमलेश

## Thoughts of the time

You must make a habit of thinking in terms of a define objective.

- John Henry Patterson

A Certain amout of opposition is help, not a hindrance.

- Suresh Rathi

## राजस्थानी कहावत

**खींचौ मत कबांण, छोड़ौ मत जबांन**

**खींचिए न कमान, छोड़िए न जवान**

- कमान से छूटा तीर व जीभ से निकला बोल वापस लौटाया नहीं जा सकता। इसलिए कोई भी काम बहुत सोच-विचारकर करना चाहिए।

*-स्व. विजय दान देथा*
*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

## विद्युत सचिव ने आपूर्ति संकट से निपटने के लिए रणनीतिक ईंधन भंडार की जरूरत पर जोर दिया

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** केंद्रीय विद्युत सचिव आलोक कुमार ने विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी की पृष्ठभूमि में कम से कम एक महीने के लिए देश को आपूर्ति संकट से बचाने की खातिर रणनीतिक ईंधन भंडार के निर्माण की जरूरत पर जोर दिया।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित दक्षिण एशिया विद्युत सम्मेलन %मूविंग टुवर्ड्स सस्टेनेबल एनर्जी सिक्योरिटी% में कुमार ने कहा कि देश में कोयले के इस संकट का मुख्य कारण कोयले, विशेष रूप से आयातित कोयले की ऊंची कीमत है। देश में विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी को देखते हुए ये टिप्पणियां महत्व रखती हैं। कुमार ने कहा, हम खबरों में कोयले की बहुत अधिक कीमतों के कारण (विद्युत) आपूर्ति में व्यवधान के बारे में पढ़ रहे हैं ... मैं कोयले, गैस और तेल की बहुत अधिक कीमत और आपूर्ति में व्यवधान के बारे में बात कर रहा था जो कि चीन, सिंगापुर, यूके, यूरोप हर जगह हो सकता है। उन्होंने कहा कि कम से कम दस वर्षों या उससे अधिक समय तक सभी देश, विशेष रूप से प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं, बेस लोड और ग्रिड संतुलन के लिए जीवाश्म ईंधन की आपूर्ति पर निर्भर होंगी।

## एयरपोर्ट विस्तार के लिए निःशुल्क हो भूमि आवंटन

**बीकानेर/नि.सं.।** बीकानेर के कारोबारियों का प्रयास है कि बीकानेर में हर हाल में सिविल एयरपोर्ट का विस्तार हो। इसके लिए वे लगातार जनप्रतिनियों से संपर्क बनाए हुए हैं। बीकानेर जिला उद्योग संघ तथा विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र समिति ने संयुक्त पत्र भिजवाकर प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग से कोटा की तर्ज पर बीकानेर को भी हवाई सेवा विस्तार के लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध करवाने की मांग की है। पत्र में उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसियाए विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र समिति सदस्य रमेश अग्रवाल, विनोद गोयल, नरेश मित्तल, वीरेंद्र किराडू, राजाराम सारडा एवं विजय जैन ने बताया कि बीकानेर के पापड़, भुजिया, रसगुल्ला एवं कृषि आधारित लकड़ी शिल्प एवं फर्नीचर तथा ऊनी कारपेट अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है। बीकानेर जिला एशिया की सबसे बड़ी ऊन मंडी के नाम से भी विख्यात है। बीकानेर से कोलकात्ता, गुवाहाटी, बेंगलूरू व मुंबई जैसे महानगरों के लिए हवाई सेवाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है क्योंकि बीकानेर संभाग के औद्योगिक व व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को व्यापार के सिलसिले में मुंबई, कोलकात्ता, गुवाहाटी व बेंगलुरु आना-जाना रहता है। बीकानेर संभाग के औद्योगिक व व्यापारिक विकास को देखते हुए कोटा की तर्ज पर बीकानेर को भी वर्तमान एयरपोर्ट से सटती 58.18 हेक्टेयर भूमि निशुल्क दी जाए ताकि बीकानेर की भी महानगरों से कनेक्टिविटी सुलभ हो सके।

## रिलायबल विक्ट्री सेलीब्रेशन में हुआ टॉपर्स का सम्मान



**कोटा/नि.सं.।** रिलायबल इंस्टीट्यूट का जेईई.एडवांस्ड का विक्ट्री सेलीब्रेशन रोड नं1 स्थित रिलायबल टॉवर में हुआ। कार्यक्रम में जेईई.एडवांस्ड में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले स्टूडेंट्स का सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स को नकद राशि के चेक व पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ और गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। मैथ्स के एचओडी आयुष गोयल ने कहा कि रिलायबल स्टूडेंट्स ने द्वितीय वर्ष में ही अद्वितीय परिणाम दिए हैं। कार्यक्रम में रिलायबल के टॉपर रहे एआईआर-67 अंकन सरकार को 1 लाख 51 हजार का पुरस्कार दिया गया। वहीं रैंक 109 पर रहने वाले कुशाग्र गुप्ता, 118 पर रहे मोनिल लोधा, 132 पर रहे उज्जयन पाल, 149 रैंक पर रहे हर्ष बियानी को 51-51 हजार के पुरस्कार दिए गए। इसके अलावा टॉप 150 से 200 के बीच रहने वालों को 21-21 हजार तथा टॉप-200 से टॉप-500 रैंक के बीच रहने वाले स्टूडेंट्स को 11-11 हजार के पुरस्कार दिए गए। एचओडी फिजिक्स चन्द्रशेखर शर्मा ने बेहतर परिणामों पर सभी को बधाई। एचओडी कैमेस्ट्री चांदीप के सिंघल ने कहा कि रिलायबल पर भरोसा जताने वाले हर अभिभावक और विद्यार्थी का धन्यवाद। इसके बीच कई फिल्मी गीतों पर स्टूडेंट्स और फैकल्टीज ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। अंत में ग्रुप डांस व ओपन स्टेज सेलीब्रेशन हुआ।

## बीकानेर में टाटा की नई 'पंच' कार लॉन्च, 21 कारों की हुई हाथों-हाथ बुकिंग



**बीकानेर/नि.सं.।** टाटा मोटर्स की बीकानेर एजेन्सी 'ड्यूनेक ऑटोमोबाइल्स ने टाटा की नई 'पंच' कार लॉन्च की है। 'पंच' भारत की सबसे सुरक्षित मिनी एसयूवी है। काम्पेक्ट 5 स्टॉर रेटिंग की यह कार मूल्य में भी उतम है। डूडी पेट्रोल पंप परिसर में स्थित ड्यूनेक ऑटोमोबाइल्स में कार की लॉन्चिंग के दौरान हुए समारोह में मुख्य अतिथि एसबीआई, सार्दुल गंज शाखा की मुख्य प्रबंधक आरती कुमारी, कर्नल महेन्द्र सिंह, ड्यूनेक ऑटोमोबाइल्स के निदेशक भगवानाराम डूडी, महाप्रबंधक एस.के. बिस्सा, एस.एम. अनुराग, कई गणमान्य लोग व सम्मानीय ग्राहक मौजूद थें। ड्यूनेक ऑटोमोबाइल्स के निदेशक व प्रमुख पेट्रोल व्यवसायी भगवाना राम डूडी ने बताया कि पंच कार ऑटोमैटिक व मैन्यूअल दोनों ही प्रारूपों में ग्राहकों के लिए विभिन्न आकर्षक रंगों में उपलब्ध है। इसमें अन्य कंपनियों की कारों की तुलना में सुविधा व सुरक्षा अधिक तथा 25 हजार रुपए कम दर पर उपलब्ध है। कार की लॉन्चिंग के दौरान ग्राहकों ने अच्छी रूचि दिखाई। कई ने ड्राईव कर व कई ने उसमें बैठकर कार की विशेषताओं की जानकारी ली तथा इसको उत्तम कार बताया।

## डेंगू ने बढ़ाए अनार, कीवी, ड्रेगन फ्रूट के भाव, दो महीने से बनी हुई है अच्छी डिमांड

**जोधपुर/नि.सं.।** जोधपुर संभाग में डेंगू अपने चरम पर है, हर गली-मौहल्लों में डेंगू के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रशासन भी अपने स्तर पर अनेक प्रयास कर इस पर काबू पाने की हर संभव कोशिश में लगा है, लेकिन हालात अब काबू से बाहर होते नजर आ रहे है। गवर्नमेंट अस्पताल से लेकर प्राइवेट अस्पतालों में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। संभाग में बड़ी संख्या में डेंगू मरीज आने के कारण कुछ खास फलों की डिमांड में यकायक बढ़ोतरी हो गई है। जिससे इन फलों के भाव आसमान छूने लगे हैं। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि डेंगू होने पर मरीज को अनार का जूस पिलाने व कीवी फल खाने से के काफी राहत मिलती है। इसी के चलते अब अनार की डिमांड में बढ़ोतरी हो रही है जिसका फायदा फल व्यवसायियो को मिल रहा है । मार्केट में अनार के भाव बढ़ने लगे हैं। अनार के साथ कीवी व नारियल पानी के भाव भी बढ़े है। चिकित्सकों के अनुसार नारियल पानी भी डेंगू मरीज के लिए मुफीद है। ठीक उसी तरह ड्रेगन फ्रूट की भी डिमांड बढ़ी है ।

**फलो के भाव हुए डबल :** शहर में जैसे-जैसे डेंगू के केस बढ़ने लगे तो इस बीमारी में खाने वाले फलों के भाव पिछले 2 महीने से डबल हो गए है। फलों में सबसे ज्यादा उछाल ड्रेगन फ्रूड में आया है जबकि अनार में भी डबल स्पीड से भाव में तेजी आई है। इसके अलावा नारियल भी पीस के अनुसार डबल रेट में बिकने लगा है और पपीता अपने उच्चतम भाव भी पार कर चुका है। कीवी ने अपने सही भाव से दो गुनी रेट पर मिल रही है। मंडी व्यापारियों की माने तो अगर डेंगू लगातार बढ़ता गया और माल की सप्लाई कम हुई तो इन भावों में इजाफा हो सकता है।

### फलों का बाजार भाव



| फल | पहले | अब |
|---|---|---|
| अनार | 60 से 80 प्रति किलो | 130 से 150 प्रति किलो |
| कीवी | 100 से 120 प्रति किलो | 150 से 200 प्रति किलो |
| नारियल पानी | 20 से 25 प्रति नग | 30 से 35 प्रति नग |
| पपीता | 30 से 35 प्रति किलो | 60 से 80 प्रति किलो |
| ड्रेगन फ्रूट | 50 से 60 प्रति नग | 100 से 120 प्रति नग |

( भाव रुपए में )

**इनका कहना है :** डेंगू से मार्केट में कीवी, अनार व ड्रेगन फ्रूट की मांग में बढ़ोतरी हुई है जिससे इनके भाव 2 महीने में बढ़े है। ऐसा ही हाल रहा तो सप्लाई कम होने से भाव मे आगे भी इजाफा हो सकता है। *- **परवेज खान,** थोक व्यापारी, फल सब्जी मंडी, भदवासिया,जोधपुर*

मेरी दुकान कमला नगर हॉस्पिटल के पास होने से डेंगू के मरीजों से हर रोज 100 से 150 अनार जूस की बिक्री हो रही है जो आम दिनों की तुलना में 40 प्रतिशत ज्यादा है। प्रतिदिन 100 से ज्यादा नारियल पानी की खपत हो रही है।

*- **राजेश अच्छवानी,** रिम झिम जूस कार्नर, जोधपुर*

डेंगू बीमारी में पपीते के पत्ते व नारियल पानी, कीवी, ड्रेगन फ्रूट, गिलोय की बेल, तुलसी पत्र के साथ लिक्विड व हेल्दी डाइट से प्लेट रेट्स इनक्रीज कर सकते है ।

*- **डॉ. पारस जैन,** आयुर्वेद चिकित्सक, जोधपुर*

## इनवेस्ट राजस्थान-2022 समिट से होगा राज्य का औद्योगिक विकास : आर्य



**जयपुर/का.सं.।** मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने कहा कि जनवरी में होने वाले इनवेस्ट राजस्थान-2022 समिट में प्रदेश को निवेश का हब बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं मौजूद हैं इसे ध्यान में रखते हुए निवेश के लिए घरेलू व विदेशी निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा, जिससे राज्य में औद्योगिक विकास, रोजगार पर्यटन के नए अवसरों को बढ़ावा मिले। यह समिट जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में 24 और 25 जनवरी 2022 को होगा। इस दो दिन के सम्मेलन में दुनिया भर से निवेशकों को बुलाया जा रहा है, जहां निवेश से संबंधी काम ऑन द स्पॉट किए जाएंगे। आर्य यहां शासन सचिवालय में इन्वेस्टर समिट-2022 की उद्योग विभाग द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। आर्य ने निर्देश दिए कि इन्वेस्टर समिट के माध्यम से इलैक्ट्रॉनिक्स, खनिज अन्वेषण, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर, मेडिकल उपकरण जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। आर्य ने इन्वेस्टर समिट में स्थानीय निर्यातकों को बुलाने का सुझाव भी दिया।

बैठक में उद्योग सचिव आशुतोष पेडणेकर ने कहा कि इन्वेस्टर समिट-2022 में नॉन रेजिडेन्ट राजस्थानी, घरेलू व विदेशी निवेशकों की भागीदारी से निवेश बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समिट से पहले मुख्यमंत्री और मंत्री देश-विदेश के निवेशकों से संपर्क कर उन्हें समिट के लिए आमंत्रित करेंगे। निवेशकों से जुड़ने के लिए वर्चुअल वेबिनार, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय रोड शो, विभिन्न देशों के डिप्लोमेट्स के साथ चर्चा जैसे कार्यक्रम भी होंगे।



## भारत ने किया आगाह, तेल की ऊंची कीमतों का ग्लोबल रिकवरी पर प्रतिकूल असर होगा

**नयी दिल्ली/एजेंसी**



दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता देश भारत ने आगाह करते हुए कहा कि तेल की ऊंची कीमतें शुरुआती और नाजुक वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार पर प्रतिकूल असर डालेंगी। भारत ने सऊदी अरब और ओपेक (तेल निर्यातक देशों के संगठन) के अन्य सदस्य देशों से सस्ती और भरोसेमंद आपूर्ति की दिशा में काम करने को कहा। साथ ही भारत ने दीर्घकालीन आपूर्ति अनुबंधों का विचार रखा। इससे भरोसेमंद और स्थिर कीमत व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सेरा वीक के 'इंडिया एनर्जी फोरम' में कहा कि तेल की मांग और ओपेक और उससे जुड़े सहयोगी देशों (ओपेक प्लस) जैसे उत्पादकों की तरफ से होने वाली आपूर्ति में अंतर है। ऐसे में उत्पादन बढ़ाये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''दुनिया को कोविड-पूर्व स्तर पर आने के लिये भरोसेमंद, स्थिर और सस्ती कीमत की जरूरत है।''

पेट्रोलियम सचिव तरुण कपूर ने कहा कि भारत जैसे आयातक देश फिलहाल सऊदी अरब और इराक जैसे ओपेक देशों से तेल खरीदने को लेकर अनुबंध करते हैं। इन अनुबंधों से केवल मात्रा को लेकर निश्चितता रहती है। जबकि कीमत डिलिवरी के समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रचलित मूल्य के आधार पर तय होती है। उन्होंने कहा, ''गैस के मामले में अनुबंध 25 साल तक की अवधि के लिये होता है और कीमत का निर्धारण तय मानकों पर होता है। तेल के लिये भी दीर्घकालीन अनुबंध के साथ कीमत को लेकर मानक होने चाहिए। यह मानक कोयला या फिर गैस जैसे वैकल्पिक ईंधन की कीमतों के आधार पर हो सकता है।'' सचिव ने कहा कि ओपेक और सहयोगी देशों को इस मौके पर आगे आना चाहिए और ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिये उत्पादन बढ़ाना चाहिए। इस साल मई से कीमतों में वृद्धि के साथ देशभर में पेट्रोल और डीजल के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गये हैं। पुरी ने कहा, ''अगर ऊर्जा की कीमतें ऊंची बनी रहीं, तो वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव से न केवल भारत बल्कि औद्योगिक देश भी प्रभावित होंगे।'' उन्होंने कहा, ''यह सबके हित में है कि हम वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार को बनाये रखें। इसीलिए स्थिर और सस्ती ऊर्जा उत्पादक और आयातक देशों दोनों के हित में है।'' मंत्री ने कहा कि ऊर्जा विनाशकारी महामारी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के लिये महत्वपूर्ण है। तेल की ऊंची कीमतें आर्थिक पुनरुद्धार की गति को धीमा करेंगी। ''मुझे भरोसा है कि ओपेक और सहयोगी देश उपभोक्ता देशों की भावना का ध्यान रखेंगे।''

**कृष्णा फोस्केम लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय 5-ओ-20, बेसमेंट, आर.सी.व्यास कॉलोनी,भीलवाड़ा - 311001, राजस्थान
सीआईएन - L24124RJ2004PLC019288
फोन न.- 01482-237104, फैक्स न. -01482-239638 ई-मेल : secretarial@krishnaphoschem.com वेबसाइट : www.krishnaphoschem.com

**सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग की बाध्यता और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 29 एवं विनियमन 47 के अनुसार, एतदर्थ सूचित किया जाता हैं कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार 29 अक्टूबर, 2021 को दोपहर 03:00 बजे, पंजीकृत कार्यालय 5-ओ -20, बेसमेंट, आरसी. व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा में आयोजित की जाएगी , जिसमे अन्य विषयों के साथ 30 सितम्बर , 2021 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी की अन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों एवं सीमित समीक्षा रिपोर्ट पर विचार एवं अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कंपनी की वेबसाइट http://www.krishnaphoschem.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट http://www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

स्थान- भीलवाडा
तिथि- 21/10/2021

निर्देशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते कृष्णा फोस्केम लिमिटेड
हस्ताक्षरित /-
(प्रियंका बंसल)
कम्पनी सचिव

**कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय**

क्रमांक :- जिरअज-II/लेखा/नीलामी/गेहूं/2021/ दिनांक :-

**-: नीलामी नोटिस :-**

दिनांक 29.10.2021 को क्रय-विक्रय सहकारी समिति बस्सी, दिनांक 01.11.2011 को क्रय-विक्रय सहकारी समिति, दूदू एवं दिनांक 02.11.2021 को क्रय-विक्रय सहकारी समिति, शाहपुरा में गेहूं की खुली नीलामी दोपहर 01.00 बजे की जानी है। नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तें http://SPPP.raj.nic.in तथा http:www.food.raj.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

**( प्रतिमा पारीक )**
जिला रसद अधिकारी
जयपुर द्वितीय

DIPR/C/10621/21

## ईपीएफओ ने अगस्त में 14.81 लाख नए सदस्य जोड़े

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ अगस्त महीने में शुद्ध रूप से 14.81 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। यह आंकड़ा चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों के लिए शुद्ध पेरोल में बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाता है।

श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईपीएफओ के जारी अस्थायी पेरोल आंकड़ों के अनुसार, अगस्त, 2021 में शुद्ध रूप से 14.81 लाख नए सदस्य जोड़े गए। जुलाई की तुलना में अगस्त महीने में नए सदस्यों की संख्या में 12.61 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। मंत्रालय ने बताया कि कुल 14.81 लाख नए सदस्यों में से लगभग 9.19 लाख सदस्य पहली बार ईपीएफओ के सामाजिक सुरक्षा दायरे में आए हैं। इस दौरान शुद्ध रूप से 5.62 लाख सदस्य ईपीएफओ से बाहर निकले और उसके बाद फिर इसमें शामिल हुए। इससे पता चलता है कि ज्यादातर सदस्यों ने ईपीएफओ के साथ अपनी सदस्यता को जारी रखने का फैसला किया है। आयु के हिसाब से देखा जाए, तो अगस्त में 22 से 25 साल की आयुवर्ग में सबसे अधिक 4.03 लाख नामांकन हुए। वहीं 18 से 21 की आयुवर्ग में 3.25 लाख नामांकन हुए। इन आंकड़ों से पता चलता है कि पहली बार नौकरी पाने वाले बड़ी संख्या में संगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल हो रहे हैं। अगस्त माह में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों इनका योगदान लगभग 49.18 प्रतिशत का है। राज्यवार तुलना के अनुसार महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक के प्रतिष्ठान इसमें आगे रहे। इन राज्यों में सभी आयुवर्ग में ईपीएफओ सदस्यों की संख्या में 8.95 लाख का इजाफा हुआ, जो कुल वद्धि के आंकड़े का 60.45 प्रतिशत है। ईपीएफओ ने कहा कि ये आंकड़े अस्थायी हैं और कर्मचारियों के रिकॉर्ड का अद्यतन एक सतत प्रक्रिया है। ईपीएफओ अपने सदस्यों को उनकी सेवानिवृत्ति पर भविष्य निधि और पेंशन लाभ प्रदान करता है।

## भारत सिर्फ गैर-जीएम चावल का निर्यात कर रहा है : सरकार

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** सरकार ने स्पष्ट किया कि भारत आनुवंशिक रूप से परिष्कृत (जीएम) चावल का निर्यात नहीं करता है क्योंकि देश में ऐसी फसल की कोई व्यावसायिक किस्म नहीं है और इसकी खेती भी यहां प्रतिबंधित है। वाणिज्य मंत्रालय का स्पष्टीकरण भारत से कथित जीएम चावल से जुड़ी खाद्य वस्तुओं के निर्यात की खेप को वापस लेने के संबंध में एक रिपोर्ट के बाद आया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, ''यह स्पष्ट किया जा सकता है कि भारत में जीएम चावल की कोई व्यावसायिक किस्म नहीं है, वास्तव में भारत में चावल की वाणिज्यिक जीएम खेती प्रतिबंधित है। भारत से जीएम चावल के निर्यात का कोई सवाल ही नहीं है।'' मंत्रालय ने इस विशेष घटना, जिसके बारे में यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा रैपिड अलर्ट के माध्यम से रिपोर्ट किया गया था, के संदर्भ में आगे कहा, जीएमओ संदूषण चावल के आटे में पाए जाने का संदेह है जिसे यूरोपीय संघ में प्रसंस्कृत किया गया था और वे स्वयं संदूषण के सटीक स्रोत के बारे में सुनिश्चित नहीं हैं।

**कार्यालय मुख्य अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान जयपुर**

क्रमांक :- अ.अ. (मु.)/अनु-10/2021/स्टोर/ डी. 2896 दिनांक :- 08.10.2021

**-: नीलामी सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य अभियंता कार्यालय सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान जयपुर, जैकब रोड, जयपुर क्लब के सामने, गणपति नगर, जयपुर के परिसर ब्लाक-ए में स्थित निम्न अनुपयोगी सामानों की नीलामी '' **जहां है, जैसी स्थिति में है**'' की जायेगी।

| क्रम संख्या | सामान का विवरण | पुस्तक मूल्य | नीलामी की तारीख व समय | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फर्नीचर सामान-अलमारियां, टेबल्स, कुर्सी इत्यादि | 3.75 लाख | 11/11/2021 12:30 PM | 7,520/- |
| 2. | मशीनरी सामान- डेजर्ट कुलर, वाटर कुलर्स इत्यादि | 1.08 लाख | | 2,160/- |
| | **कुल मूल्य** | **4.83 लाख** | | **9680/-** |

नीलामी की दरें सीलबंद लिफाफे में ली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/ फर्म निर्धारित दिनांक व समय तक अपनी दरें प्रस्तुत कर सकता है इच्छुक बोलीदाता/ फर्म फर्नीचर्स आइटमस के लिए अपनी दरों के साथ 7,520/- रू की धरोहर राशि तथा मशीनरी आइटमस के लिए अपनी दरों के साथ रूपये 2,160/- की धरोहर राशि का बैंकर्स चैक/ डी.डी. (पृथक-पृथक) जो कि अधिशाषी अभियन्ता, मुख्यालय, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान जयपुर के नाम से संलग्न कर सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करेंगे। धरोहर राशि के अभाव में इनकी दरों पर विचार नहीं किया जायेगा।

अन्य शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर एवं विभागीय वेबसाइट pwd.rajasthan.gov.in एवं SPPP पोर्टल पर देखी जा सकती है।

**( सुरेश चन्द पारीक )**
अधिशाषी अभियंता (मु.),
सा.नि.वि. राज. जयपुर

DIPR/C/10408/21